प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



आनंद मोहन के बाग़ी तेवरों से जदयू में मची हलचल! पेज- 2

एक चौराहे का नाम वंदे मातरम रखने की उठी मांग पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 150 | गुरुवार 21 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# पीएम मोदी से सवाल के बाद चर्चा में आई नार्वे की पत्रकार हेले लेंग का दावा

## -इंस्टाग्राम-फेसबुक अकाउंट हुआ निलंबित

(एजेंसी) ओस्लो। नॉर्वे की पत्रकार हेले लेंग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नॉर्वे यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत को लेकर पूछे गए सवाल ने कूटनीतिक और सोशल मीडिया विवाद का रूप ले लिया है। इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने प्रेस स्वतंत्रता और मानवाधिकारों से जुड़े आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। विवाद की शुरुआत मंगलवार को ओस्लो में प्रधानमंत्री मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के संयुक्त प्रेस बयान के बाद हुई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब दोनों नेता बिना सवाल लिए बाहर निकल रहे थे, तब हेल्ले लिंग ने पीएम मोदी से पूछा कि वह "दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस" के सवालों का जवाब क्यों नहीं देते। पत्रकार ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, "भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे सवाल का जवाब नहीं दिया, हालांकि मुझे इसकी उम्मीद भी नहीं थी।"उन्होंने वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता रैंकिंग का हवाला देते हुए कहा कि नॉर्वे पहले स्थान पर है, जबकि भारत 157वें स्थान पर है। उन्होंने लिखा, "जिन शक्तियों के साथ हम सहयोग करते हैं, उनसे सवाल पूछना हमारा काम है। यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया और



सोशल मीडिया पर मिली–जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ लोगों ने पत्रकार के सवालों की सराहना की, जबकि अन्य ने उन पर भारत को निशाना बनाने और दिखावा करने का आरोप लगाया।ऑनलाइन बहस के बीच हेल्ले लिंग ने दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट निलंबित कर दिए गए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, "यदि आप इंस्टाग्राम या फेसबुक पर मुझसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, तो मैं बताना चाहती हूं कि मेरे दोनों अकाउंट निलंबित कर दिए गए हैं। मैं अधिक से अधिक भारतीयों को जवाब देना चाहती थी, लेकिन अब इसमें देरी होगी। उम्मीद है कि मुझे अपने अकाउंट वापस मिल जाएंगे।" हालांकि, मेटा के स्वामित्व वाले इन अकाउंट्स के निलंबन का कारण तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका। पत्रकार ने इसे "प्रेस स्वतंत्रता की छोटी कीमत" बताया। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "पूरा दिन मैं अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में लॉग–इन करने की कोशिश करती रही। अब मेरा अकाउंट निलंबित हो गया है। प्रेस स्वतंत्रता के लिए यह छोटी कीमत है, लेकिन मेरे साथ पहले कभी ऐसा नहीं हुआ।" पत्रकार द्वारा साझा किए गए स्क्रीनशॉट में इंस्टाग्राम की ओर से संदेश दिखाया गया, जिसमें कहा गया था कि उनका अकाउंट 19 मई 2026 को निलंबित किया गया और उनके पास फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 180 दिन हैं। विवाद उस समय और बढ़ गया जब प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे यात्रा पर आयोजित एमईए की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान हेल्ले लिंग ने भारतीय अधिकारियों से सीधे सवाल किए। उन्होंने पूछा, "हम आप पर भरोसा क्यों करें?" इसके साथ ही उन्होंने भारत में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों और प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय मीडिया के कठिन सवालों का जवाब नहीं देने को लेकर भी सवाल उठाए। इस पर विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक ढांचे का मजबूती से बचाव किया। उन्होंने कहा, "हम दुनिया की कुल आबादी का छठा हिस्सा हैं, लेकिन दुनिया की समस्याओं का छठा हिस्सा नहीं हैं।"सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत का संविधान लोगों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है और यदि किसी के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो उसे अदालत जाने का अधिकार है। उन्होंने कहा, "हमें गर्व है कि हम एक लोकतंत्र हैं।" उन्होंने भारत को लेकर सीमित रिपोर्टों और बाहरी टिप्पणियों के आधार पर बनाई जाने वाली धारणाओं की भी आलोचना की। सोशल मीडिया पर बढ़ती प्रतिक्रियाओं के बीच हेल्ले लिंग ने अपने इरादों को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर भी सफाई दी। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे यह लिखना पड़ेगा, लेकिन मैं किसी भी विदेशी सरकार की ओर से भेजी गई जासूस नहीं हूं।" अपने सवाल पूछने के तरीके का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकारिता कभी–कभी टकरावपूर्ण होती है। उन्होंने लिखा, "हम जवाब तलाशते हैं। अगर कोई शक्तिशाली व्यक्ति मेरे सवाल का जवाब नहीं देता, तो मैं अधिक स्पष्ट जवाब पाने के लिए बीच में हस्तक्षेप करने की कोशिश करूंगी। यही मेरा काम और कर्तव्य है।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी, शाह और आरएसएस को बताया गद्दार, बीजेपी बोली- देश की जनता का अपमान

(एजेंसी) रायबरेली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान को लेकर देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। रायबरेली में आयोजित एक सभा के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखी टिप्पणी की, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' कहा। राहुल गांधी के बयान को लेकर बीजेपी नेताओं ने इसे "अराजकतावादी सोच" और "देश का अपमान" बताया है। वहीं कांग्रेस की ओर से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात दोहराई जा रही है। रायबरेली में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने सबसे पहले संविधान, सामाजिक बराबरी और दलित अधिकारों का मुद्दा उठाया। उन्होंने वीरा पासी और डॉ. भीमराव अंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देने की बात करता है। राहुल ने कहा कि देश किसी एक संगठन, विचारधारा या जाति का नहीं, बल्कि सभी भारतीयों का है। उनके अनुसार संविधान देश की जनता की आवाज है और उसकी रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस को लेकर विवादित टिप्पणी की। राहुल ने कहा, जब ये आरएसएस कार्यकर्ता आपके सामने आएंगे तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री भी अमित शाह की बात करेंगे तो उनसे आप उसने खुलकर कहिएगा कि आपका प्रधानमंत्री गद्दार है। आपका गृह मंत्री गद्दार है, आपका संगठन गद्दार है, आपने हिंदुस्तान को बेचने को काम किया. आपने संविधान पर हमला करने का काम किया है। आपने अंबेडकर पर हमला किया। उनकी इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया और बीजेपी ने इसे गंभीर और अपमानजनक बयान बताया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में देश की आर्थिक स्थिति को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता से त्याग और सादगी की बात करती है, लेकिन खुद बड़े स्तर पर खर्च करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर सकता है। राहुल ने कहा कि महंगाई बढ़ेगी, खाद की कमी हो सकती है और आम लोगों पर आर्थिक बोझ और ज्यादा बढ़ेगा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सरकार की नीतियों का असर सीधे गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। राहुल गांधी के बयान के बाद बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने केवल प्रधानमंत्री या गृह मंत्री का नहीं, बल्कि देश की जनता का अपमान किया है। बीजेपी नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की सोच "अर्बन नक्सल" जैसी है और वह ऐसे बयान देकर देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ नेताओं ने यह भी कहा कि राहुल गांधी की भाषा पाकिस्तान के प्रचार तंत्र से मिलती–जुलती है, जो भारत की संस्थाओं और नेतृत्व पर सवाल उठाता रहता है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार के कारण राहुल गांधी निराशा और हताशा में इस तरह के बयान दे रहे हैं। नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी का बयान भारतीय राजनीति की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास देश को कमजोर करने वाला रहा है, जबकि मोदी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास को मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और आतंकवाद तथा नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

## निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री ही नहीं, लुप्त मंत्री भी हैं, काम के समय गायब रहती हैं : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने राहुल गांधी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किए गए पलटवार के बाद बुधवार को



उन पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि वह एक श्लुप्त मंत्रीश हैं क्योंकि काम के समय गायब रहती हैं और जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सवाल पूछते हैं तब सामने आती हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण आज अर्थव्यवस्था भंवर में फंस गई है। दरअसल, वित्त मंत्री सीतारमण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा था कि वर्ष 2014 से सरकार अपनी नीतियों और कदमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र की सेवा कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी के आरोपों पर कहा, क्या 58 करोड़ जनधन खाते अदाणीध्अंबानी के लिए हैं? 57 करोड़ मुद्रा ऋण खाते किसके लिए हैं? राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है और जब तक मौजूदा सरकार नहीं बदलती, महंगाई बढ़ती रहेगी। खेड़ा ने वित्त मंत्री पर निशाना साधते हुए संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार के मंत्री काम के समय गायब रहते हैं और राहुल गांधी को जवाब देने के लिए सामने आते हैं। राहुल गांधी सवाल पूछ देते हैं तो वे जाग जाते हैं। इसी कड़ी में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल रात ट्वीट किया और जनधन खातों, मुद्रा योजना से जुड़ी उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा, निर्मला सीतामंत्री वैसे तो वित्त मंत्री हैं, लेकिन लुप्त मंत्री हैं। सरकार लखपति दीदी की बात करती है, लेकिन देश की करोड़ों महिलाएं पूछ रही हैं कि आप (सीतारमण) लापता दीदी क्यों हो जाती हैं? खेड़ा ने वित्त मंत्री द्वारा रखे गए आंकड़ों पर प्रतिवाद करते हुए कहा, 58 करोड़ जनधन खातों में से 15 करोड़ यानी 26 प्रतिशत से ज्यादा खाते निष्क्रिय पड़े हैं। साथ ही, 62 प्रतिशत खातों में 1,000 रुपए से कम रकम है। मुद्रा योजना में एनपीए 10 प्रतिशत से ऊपर हो चुका है, यानी कोई जवाबदेही नहीं बची है। उन्होंने दावा किया कि पीएम इंटर्नशिप योजना में महज 7.34 प्रतिशत लोगों ने पहले चरण की इंटर्नशिप पूरी की और 41 प्रतिशत लोगों ने इंटर्नशिप बीच में ही छोड़ दी तथा पीएम इंटर्नशिप योजना का बजट साल 2025–26 में सिर्फ 0.6 प्रतिशत ही इस्तेमाल हुआ है। खेड़ा का कहना था, 2014 में जो एलपीजी 414 रुपये में मिल रहा था, वो आज 915 रुपये का हो गया है, यानी 121 प्रतिशत की बढ़त हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा, नरेन्द्र मोदी की एक आदत है कि ये गोलपोस्ट बदल देते हैं। पहले 60 दिन मांगे, फिर 60 महीने और अब कहते हैं कि 2047 तक का समय दो। प्रधानमंत्री मोदी 2047 के सपने दिखाएंगे, लेकिन बीच के आंकड़े नहीं बताएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले दो महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 38 अरब डॉलर की कमी आई है, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने के कारण भारत का व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) नौ अरब डॉलर तक गिर गया तथा पिछले कुछ महीने में भारतीय अर्थव्यवस्था से दो लाख करोड़ रुपये का निवेश निकाल लिया गया है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को भंवर में फंसा दिया है।

## रोम पहुंचे पीएम मोदी, मेलोनी संग डिनर और कोलोसियम दौरे पर हुई अहम बातचीत

(एजेंसी) रोम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की राजधानी रोम पहुंचने के बाद वहां की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि दोनों नेताओं के बीच डिनर के दौरान और ऐतिहासिक कोलोसियम के दौरे पर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि रोम पहुंचने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ डिनर करने और प्रतिष्ठित कोलोसियम देखने का अवसर मिला। इस दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज होने वाली औपचारिक वार्ता में भारत–इटली मित्रता को और मजबूत करने के उपायों पर बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी। पीएम मोदी ने इटली में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए स्वागत के लिए भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इटली में बसे भारतीयों का भारत के प्रति गहरा लगाव और भारत–इटली संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता सराहनीय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय प्रवासी दुनिया भर में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और उनकी उपलब्धियां भारत की वैश्विक पहचान को और मजबूत कर रही हैं।

## मोदी-शाह पर राहुल गांधी का विवादित बयान

### -भाजपा ने किया पलटवार,तो बचाव में उतरीं महबूबा मुफ्ती

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को लेकर एक विवादित टिप्पणी की। राहुल के इस बयान पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय



प्रवक्ता अजय आलोक, ओडिशा के मंत्री नित्यानंद गोंड और यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राहुल गांधी पर निशाना साधा तो वहीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने उनका बचाव किया। दरसअल राहुल गांधी रायबरेली के लोधवारी गांव में आयोजित 'बहुजन स्वाभिमान सभा' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने विवादित बयान देते हुए दोनों को गद्दार कहा और देश बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और संविधान की मूल भावना को कमजोर किया जा रहा है। राहुल के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि इसमें राहुल गांधी की कोई गलती नहीं है। जिस परिवेश में आप पैदा हुए और जिस परिवेश में आप बड़े हुए, उसी भाषा में आप बोलेंगे। इसलिए राहुल गांधी का ऐसा बयान देना कोई बड़ी बात नहीं है। उनके परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी जो प्रधानमंत्री पैदा हुए, उन्होंने जो कुछ किया उसे वे गद्दारी नहीं मानते बल्कि अपनी उपलब्धि मानते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री को गद्दार कहने में उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 लगाया। उसके बाद पाकिस्तान को झेलम और चिनाब नदी का 80 प्रतिशत पानी दे दिया। 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान उन्होंने भारतीय एयरफोर्स को चीन पर हमला करने का आदेश नहीं दिया। तिब्बत को मान्यता नहीं दी बल्कि चीन को मान्यता दे दी। फिर भी वे गद्दार नहीं माने जाते। इंदिरा गांधी ने संसद के रिकॉर्ड में पाकिस्तान को न्यूक्लियर डिटेल्स देने की बात कही। उन्होंने इमरजेंसी लगाई और ऑपरेशन ब्लू स्टार करवाकर सिखों की भावनाओं का अपमान किया। उनके बाद 1984 में सिखों के खिलाफ हुए दंगों में दस हजार से ज्यादा सिखों को मार दिया गया। फिर भी इसे उपलब्धि माना जाता है, गद्दारी नहीं।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने बोफोर्स घोटाला किया, प्रभाकरन को हथियार दिए, फिर उसी के खिलाफ ऑपरेशन कर दिया। जब प्रभाकरन ने उनकी हत्या कर दी तो कहा कि गद्दारी का बदला ले लिया। सोनिया गांधी सुपर प्रधानमंत्री बनीं। चीन के साथ कांग्रेस पार्टी का समझौता करवाया। यूपीए के शासनकाल में 2010 में 78 आतंकवादियों को रिहा किया गया, जिन्होंने बाद में बड़े हमले किए। फिर भी इसे गद्दारी नहीं माना जाता। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी की ओर से कभी पेगासस, कभी हिंडनबर्ग, कभी देश की संस्थाओं को विदेश में जाकर बदनाम करना जारी रहा। आज मैं देश की जनता और खासकर कांग्रेसियों से अपील करता हूं, इन लोगों को नेता मानना बंद कर दीजिए। ये देश के लिए नासूर हैं। इन्हें नेता मानकर आप देश की सेवा नहीं बल्कि देश की हानि कर रहे हैं। ओडिशा के मंत्री नित्यानंद गोंड ने कहा कि राहुल गांधी का स्वभाव ही ऐसा है। आज देश की जनता सब समझ रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लिए क्या कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था सुधर रही है, देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और विश्व मंच पर भारत का गौरव लगातार बढ़ रहा है। राहुल गांधी जैसे लोग अगर कांग्रेस में रहेंगे तो देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता। राहुल गांधी को यह समझ लेना चाहिए कि वे जो बोलते हैं, उस पर देश की जनता की क्या प्रतिक्रिया होती है। उनका चुप रहना ही बेहतर होगा। वहीं, यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी को एक बार भारतीय संस्कृति का अध्ययन जरूर करना चाहिए। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, 2014 के बाद से हर इंसान को भाजपा गद्दार बताती है तब तो कोई शोर नहीं हुआ। यह वही भाषा है जिसे भाजपा ने देश में शुरू किया है। हर मुसलमान और हर सेक्युलर व्यक्ति को गद्दार कहना और उनसे पाकिस्तान चले जाने और अब तो ईरान चले जाने को भी कहा जा रहा है। अब राहुल गांधी ने अगर कोई बात कह दी तो इतना ज्यादा हंगामा क्यों मचा हुआ है? भाजपा ने देश में जो बीज बोया था वह अब फल दे रहा है।

## एचडीएफसी बैंक का बड़ा कदम, कर्मचारियों को मिलेगा वर्क फ्रॉम होम

(एजेंसी) नई दिल्ली। देश का सबसे बड़ा निजी बैंक एचडीएफसी बैंक अपने कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम सुविधा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैंक बिजनेस और कॉर्पोरेट फंक्शंस से जुड़े कर्मचारियों को सप्ताह में दो दिन घर से काम करने का विकल्प दे सकता है। यह व्यवस्था शुरुआत में 30 दिनों के ट्रायल के तौर पर लागू की जाएगी। इसमें उन टीमों को शामिल किया जाएगा जो सीधे ग्राहकों से नहीं जुड़ी हैं, जैसे आईटी, फाइनेंस, ऑपरेशंस, रिस्क मैनेजमेंट और कंप्लायंस। सूत्रों के अनुसार, बैंक के भीतर इस हाइब्रिड मॉडल पर काफी समय से चर्चा चल रही थी और अब इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की तैयारी है। अगर यह ट्रायल सफल रहता है, तो इसे स्थायी रूप से लागू किया जा सकता है। हालांकि, बैंक ने स्पष्ट किया है कि शाखाओं में काम करने वाले और ग्राहकों से सीधे जुड़े कर्मचारी अपने सामान्य तरीके से ही ऑफिस से काम करते रहेंगे, ताकि सेवाओं पर कोई असर न पड़े। इस फैसले को हाल ही में बढ़ती ईंधन कीमतों और कार्यक्षमता सुधारने के प्रयासों के बीच एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# बिजली का तार गिरने से कार में लगी आग, मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में प्रतीक जैन पेट्रोल पंप के पास बुधवार को बिजली के खंभे में अचानक फॉल्ट होने से बड़ा हादसा होते–होते टल गया। फॉल्ट के दौरान बिजली का तार



टूटकर नीचे खड़ी एक स्विट कार पर गिर गया, जिससे कार में देखते ही देखते भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख मौके पर अफरा–तफरी मच गई और बड़ी संख्या में राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने वाले सिलेंडरों की मदद से आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास खड़े अन्य वाहन और पेट्रोल पंप भी चपेट में आने से बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली विभाग को घटना की सूचना देने के बाद भी काफी देर तक तारों में करंट दौड़ता रहा, जिससे लोगों में दहशत बनी रही। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया है। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक हड़कंप का माहौल बना रहा। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# प्रेमिका से शादी की जिद में युवक का हंगामा

## – हाईटेंशन लाइन पर चढ़ने से मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। प्रेमिका से शादी कराने की मांग को लेकर एक युवक रेलवे ट्रैक के पास लगे हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ गया। युवक को खंभे पर चढ़ा देख इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना थाना स्योहारा क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैक के पास की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अपनी प्रेमिका से शादी कराने की जिद पर अड़ा हुआ था। काफी देर तक वह खंभे पर बैठा रहा, जिससे लोगों में डर और अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक युवक को समझाने का प्रयास किया। घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस किसी तरह युवक को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# निजी स्कूल की फीस वसूली के विरोध में अभिभावकों का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस वसूले जाने के विरोध में अभिभावक संघ के सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिभावकों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अपनी मांगों को लेकर




ज्ञापन सौंपा। अभिभावकों का आरोप है कि मुख्यालय स्थित डीडीपीएस स्कूल द्वारा छात्रों से जबरन अतिरिक्त फीस वसूली की जा रही है। उनका कहना है कि स्कूल प्रबंधन 750 रुपये की मांग कर रहा है, जबकि इस शुल्क का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा रहा। प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि निजी स्कूल लगातार अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहे हैं, जिससे आम परिवार परेशान हैं। अभिभावक संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पानी किल्लत व अवैध कब्जे को लेकर भाकियू महाशक्तिने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष पवन सक्सेना के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में यूनियन ने अतिरिक्त जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनसमस्याओं और किसानों के मुद्दों के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

भाकियू जिलाध्यक्ष पवन सक्सेना ने बताया कि इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। तिकोनिया पार्क में लगा वॉटर कूलर फ्रिज खराब पड़ा है, जहां बड़ी संख्या में लोग और संगठन के सदस्य इकट्ठा होते हैं। इसे तुरंत ठीक कराने की मांग की गई है। मंडी परिसर में भी कोई फ्रीजर सही स्थिति में नहीं है। वहां पानी की भारी किल्लत है और यदि कहीं पानी आता भी है, तो वह बेहद गर्म होता है। प्रशासन से मांग की गई है कि मंडी में आने वाले किसानों और आम जनता के लिए ठंडे पानी की तत्काल व्यवस्था की जाए। रम्पुरा गांव में अवैध कब्जे का अधूरा काम पूरा करने की मांग जिलाध्यक्ष ने पूर्व में रम्पुरा गांव के एक मामले का जिक्र करते हुए कहा रम्पुरा में एक दबंग यादव द्वारा किए गए अवैध कब्जे को लेकर पिछले जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। पूर्व डीएम ने इस मामले पर कार्रवाई शुरू कराई थी, लेकिन काम आधा होने के बाद उनका स्थानांतरण हो गया। नए जिलाधिकारी के आने पर आज यूनियन ने एडीएम के माध्यम से मांग की है कि रम्पुरा गांव में जो कार्रवाई अधूरी रह गई थी, उसे आगे बढ़ाकर पूरा कराया जाए ताकि ग्रामीणों को न्याय मिल सके।

# भगवत कथा वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है : डॉ मनोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। जिस तरह सूरज की एक किरण घनघोर अंधेरे को मिलाकर दुनिया में रोशनी फैलाता है, उसी तरह भगवत कथा वातावरण में नकारात्मक भाव को मिटाकर आपसी प्रेम और सद्भाव की सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। यह विचार प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री डा मनोज कुमार पांडेय ने ऊंचाहार के गायत्री नगर में चल रही श्रीमद भगवत कथा में कही। इससे पूर्व कथा में पहुंचने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल के नेतृत्व में लोगों ने मंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया। मंत्री ने कथावाचक से आशीष लिया और कहा कि हमारे सनातन धर्म की जितनी भी परंपराएं है, सभी में लोककल्याण की कामना है। जिसका वैज्ञानिक महत्व भी है। कथा के दौरान भगवान की लीलाओं का वर्णन और हवन से निकलने श्लोक के उच्चारण पूरे वातावरण को शुद्ध करते हैं। वैज्ञानिक शोधों से सिद्ध हुआ है कि इससे मानव जीवन को हानि पहुंचाने वाले विषैले जंतु नष्ट हो जाते है। कथाओं को सुनने से घर परिवार और समाज में प्रेम बढ़ता है तथा आपसी कटुता खत्म होती है।

## अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ में पल रहे शिशु की भगवान ने की रक्षा

भगवत कथा में तीसरे दिन कथावाचक पीयूष जी महराज ने कहा कि महाभारत युद्ध के बाद अश्वत्थामा ने पांडवों के वंश को नष्ट करने के लिए अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु पर ब्रह्मास्त्र चला दिया था । उस समय योगमाया से शिशु की रक्षा की। यह शिशु आगे चलकर परीक्षित बना। उत्तरा के गर्भ



में ही भगवान .ष्ण ने बालक को अपने चतुर्भुज रूप (पीतांबर, मुकुट और गदाधारी) के दर्शन दिए। उस दिव्य रूप को देखकर बालक के मन में गहरी छाप पड़ गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जितेंद्र सिंह, आशीष तिवारी, सुनील त्रिपाठी, गिरधारी सोनी, राधेश्याम सोनी, कौशल किशोर श्रीवास्तव, लाल चंद्र कौशल, हीरालाल गुप्ता, विजय पाल, राजेंद्र यादव, रीना पाल, राकेश चंद्र उपाध्याय, गिरिजेश पासी, रोमी मल्होत्रा, शिल्पा मल्होत्रा, निशा माहेश्वरी, संजना, राजू सोनी, उमेश अग्रहरि, सुधीर त्रिपाठी, डॉक्टर पी कुमार, सुधीर पांडेय, गुंजन द्विवेदी के जायसवाल, आशीस शुक्ला, राज जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

## - पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन। खीरी टाउन क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। जहां ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग के पास पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जीआरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे लखनऊ से लखीमपुर की तरफ आ रही पैसेंजर ट्रेन जैसे ही खीरी टाउन के ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंची, तभी एक युवक उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन की जोरदार टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जब शिनाख्त की, तो मृतक की पहचान खीरी कस्बे के मोहल्ला श्यामलालपुरवा निवासी अशफाक (18 वर्ष) के रूप में हुई। युवक की मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया और रोते–बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। खीरी थाना पुलिस और जीआरपी ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि युवक रेलवे ट्रैक के पास कैसे पहुंचा और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। जवान बेटे की मौत से पूरे कस्बे और श्यामलालपुरवा मोहल्ले में शोक की लहर है।

# आरक्षण ही संरक्षक और समानता का आधार', अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर लगाया पक्षपात का आरोप

संवाददाता लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि यदि संविधान के प्रावधान लागू करवाने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़े तो यह समझ लेना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार पक्षपाती होती है, वह विश्वासघाती भी होती है और पक्षपात स्वयं में अन्याय है, जो लोगों के हक और अधिकारों को छीनता है।बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि "आरक्षण ही संरक्षक है" और यह समानता स्थापित करने का माध्यम भी है तथा उपकरण भी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार को बुलडोजर चलाना ही है तो उसे गैरबराबरी की ऊंची–नीची जमीन को समतल करना चाहिए और वंचित वर्गों को उनके हिस्से का आरक्षण देना चाहिए।अखिलेश यादव ने कहा कि देश के इतिहास में लंबे समय तक सामाजिक विभाजन बना रहा, जिसमें एक ओर वर्चस्ववादी वर्ग और दूसरी ओर वंचित समाज रहा। उन्होंने कहा




कि संविधान निर्माता बी आर आंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव और असमानता को समाप्त करने के उद्देश्य से संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की थी, जो वर्ष 2014 तक व्यवस्थित रूप से चलती रही। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 के बाद आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशें तेज हुईं और वंचित समाज को हतोत्साहित करने का प्रयास किया गया।सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर आरक्षण में "खुली डकैती" करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब संविधान की आरक्षण व्यवस्था को सीधे समाप्त नहीं किया जा सकता, तो दूसरे तरीकों से उसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालयों और संस्थानों में "एनएफएस" (नॉट फॉर सूटेबल) का प्रयोग कर आरक्षित वर्गों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से अपने लोगों को पदों पर स्थापित करने की कोशिश हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संवैधानिक आरक्षण के साथ "फाउल प्ले" कर रही है और वंचित समाज को आगे बढ़ने के अवसर नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा कि आरक्षण सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करता है तथा लोकतंत्र को बचाने का माध्यम है। उनके अनुसार, आरक्षण के जरिए ही वंचित समाज के साथ लंबे समय से हो रहे अन्याय को समाप्त किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि आरक्षण कोई भिक्षा नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार है और इसे नकारना संविधान का तिरस्कार है। उन्होंने कहा कि आरक्षण पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की आवाज है और सामाजिक समानता स्थापित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , राष्ट्रीय महासचिव , सांसद , नेता प्रतिपक्ष पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित अन्य नेताओं ने भी आरक्षण के मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए।

# नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों को डिप्टी सीएम केशव मौर्य की नसीहत, गांवों के विकास को दें प्राथमिकता

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें ग्रामीण जनता की सेवा पूरे समर्पण भाव से करने और गांवों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी प्रतिभा, क्षमता और प्रशासनिक दक्षता का भरपूर उपयोग करते हुए सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का दायित्व निभाएं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी ग्रामीण विकास व्यवस्था की अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी हैं, क्योंकि गांवों में संचालित सरकारी योजनाओं का वास्तविक क्रियान्वयन इन्हीं के माध्यम से होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण सड़क, स्वच्छता, पेयजल तथा आजीविका से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।उन्होंने अधिकारियों को केवल सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि जनसेवक की भावना से कार्य करने की सीख देते हुए कहा कि ग्रामीण जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास से ही प्रदेश और देश का विकास संभव है।उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों का नियमानुसार प्रशिक्षण शीघ्र कराया जाए तथा उन्हें फील्ड में तैनाती भी समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 के माध्यम से चयनित खण्ड विकास अधिकारियों में से 42 अधिकारियों ने मंगलवार को जवाहर भवन स्थित आयुक्त कार्यालय, ग्राम्य विकास विभाग में आयुक्त ग्राम्य विकास जी.एस. प्रियदर्शी के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की।इस अवसर पर आयुक्त ग्राम्य विकास जी.एस. प्रियदर्शी ने नव नियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा ग्रामीण विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें। वहीं, नव चयनित अधिकारियों ने भी सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

# बिजली विभाग की लापरवाही से मजदूर की गई जान, ग्रामीणों में आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो/हीमपुर दीपा, बिजनौर। गांव उमरी पीर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में खेतों की ओर जा रहे बुजुर्ग मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया और उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शव उठाने से इंकार कर दिया। गांव निवासी रमजानी (65) पुत्र सुल्तान सुबह साइकिल से मजदूरी के लिए मिठनपुर जंगल की तरफ जा रहे थे। बताया जाता है कि चक मार्ग पर पहले से टूटी पड़ी हाईटेंशन लाइन का तार जमीन पर गिरा हुआ था। अंधेरे और घास के कारण रमजानी को तार दिखाई नहीं दिया और वह उसकी चपेट में



आ गए। तेज करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद जंगल की ओर जा रहे ग्रामीणों ने रमजानी को सड़क किनारे पड़ा देखा और मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। घटना की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौके पर पहुंच गईं और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर विद्युत लाइनें हादसों को दावत दे रही हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने तार नहीं बदले, जिससे यह हादसा हुआ। लोगों ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया और क्षेत्राधिकारी देश दीपक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक शव नहीं उठने दिया। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई और सहायता का आश्वासन दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भीषण गर्मी में धामपुर शुगर मिल का सेवा अभियान

## – मिल गेट के सामने मुख्य चौराहे पर शिविर लगाकर पिलाया शरबत

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। भीषण गर्मी के बीच धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से राहगीरों के लिए शरबत सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मिल गेट के सामने मुख्य चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में आने–जाने वाले लोगों को ठंडा मीठा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया। उन्होंने स्वयं राहगीरों को शरबत वितरित कर सेवा



कार्य में सहभागिता निभाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जनकल्याण के कार्य धामपुर शुगर मिल की प्राथमिकताओं में शामिल हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे। शिविर में मिल के अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने मिलकर राहगीरों को शरबत वितरित किया और सेवा भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम में अभय शर्मा, विकास अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, योगेंद्र सिंह, विनोद राणा, पंडित सुनील शास्त्री, अजय अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालन में कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने सहयोग किया।

# महिगवां में पेट्रोल पम्प पर देर रात लूट, चौकीदार से मारपीट; बदमाश नकदी और मोबाइल लेकर फरार

संवाददाता लखनऊ। के महिगवां थाना क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पम्प पर देर रात लूट की घटना सामने आई है। बैटरी रिक्शा से पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल पम्प से नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर पम्प पर मौजूद चौकीदार के साथ मारपीट भी की गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया है।पुलिस के अनुसार, यह घटना 19 मई 2026 की रात करीब एक बजे की है। थाना महिगवां क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी ऋषि यादव ने थाना महिगवां में तहरीर देकर बताया कि उनके पेट्रोल पम्प पर बैटरी रिक्शा से आए अज्ञात व्यक्तियों ने लगभग 8100 रुपये नकद और मोटोरोला कंपनी का एक मोबाइल फोन छीन लिया। घटना के दौरान बदमाशों ने पम्प पर मौजूद चौकीदार विपिन कुमार के साथ मारपीट भी की और मौके से फरार हो गए।तहरीर के आधार पर थाना महिगवां में मुकदमा अपराध संख्या 59/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(1) और 115(2) में अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।घटना के खुलासे और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए थाना महिगवां पुलिस द्वारा दो विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, वहीं अन्य जरूरी साक्ष्य भी एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के शीघ्र और सफल अनावरण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था सामान्य है और मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# किसान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत से मांगा स्पष्टीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर किसानो द्वारा शिकायत किए जाने के कारण अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान किया जाए। उप .षि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 87 प्रतिशत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, बचे हुए .षकों में अंश निर्धारण व नेम मिसमैच के कारण फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अवशेष है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अंश निर्धारण व नेम मिस्मैच का कार्य तत्काल पूर्ण करा लिया जाए। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि खरीफ मौसम में



डिजिटल क्रॉप सर्वे में 2200 हंजं का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है जो विगत वर्ष से अधिक है। उनके द्वारा उपस्थित .षक प्रतिनिधियों से अपील की गई कि किसान क्रेडिट कार्ड से बचे हुए किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनवा दिया जाए। इसके लिए एक विशेष अभियान 15 मई से 31 मई तक ग्राम पंचायतवार, चलाया जा रहा है सभी किसान भाइयों को सूचित किया है कि किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया जाए। जनपद में अब तक चार करोड़ 13 लाख रुपए का भुगतान 6106 .षकों को प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की गई है। पहली बार जनपद में इतनी बड़ी संख्या में किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया गया है। उनके द्वारा किसानों से निवेदन किया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत अधिक से अधिक किसानों को सम्मिलित किया जाए। जिला .षि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में खरीफ सीजन के लिए ढैंचा, धान, उर्वरक व अन्य .षि निवेश केंद्र की व्यवस्था कर ली गई है। जनपद के सभी .षि निवेश केन्द्र पर उपलब्ध करा दी गई है। सभी किसान भाइयों से निवेदन किया गया कि समय से अपना बुकिंग करवा ले बुकिंग के बाद ई लॉटरी के माध्यम से किसानों को पास मशीन की सहायता से बीज वितरित किया जाएगा। इस वर्ष जनपद में 1000 कुंतल ढैचा की उपलब्धता कराई गई है। जिला .षि अधिकारी द्वारा बताया गया है कि धान की आगे की नर्सरी व जनपद में प्रचलित सांडा के लिए उर्वरकों की व्यवस्था कर उर्वरक सभी समितियां पर उपलब्धा करा दी जाएगी जिसमें किसान के खेत के रकबा के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण किए गए .षकों को वितरित किया जाएगा।उनके द्वारा यह भी निवेदन किया गया कि अनायास अधिक उर्वरक स्टॉक में ना रखें जरूरत के हिसाब से ही उर्वरक क्रय करें। उर्वरक के स्थान पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के बढ़ावा देने पर उन्होंने जोर दिया। .षक श्री .ष्णानंद राय द्वारा ताड़ीघाट नहर के सफाई न होने का मुद्दा उठाया। .षक श्री शिवकुमार राय द्वारा फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल की क्षति होने के बावजूद क्षतिपूर्ति न मिलने का मुद्दा उठाया। .षक श्री पवन यादव द्वारा बताया गया कि टेबल नंबर 21 ताडी घाट जमानिया विगत कई महीनो से खराब है समस्या का सामना करना पड़ रहा है। .षक विद्यनाथ चौबे बिरनु द्वारा शिकायत की गई की देवकली पंप नहर की शाखा मलेठी माइनर की देखरेख मरम्मत और सफाई इत्यादि न होने के कारण नहर में पानी नहीं पहुंच रहा है। .षक शिवकुमार राय भावर कोल द्वारा शिकायत की गई की जीरो टिल सीड ड्रिल लेना चाह रहे हैं लेकिन लक्ष्य न होने कारण मिलने में सुविधा हो रही है, यंत्र दिलवाया जाए। इसके अलावा जिला उद्यान अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी आरएमओ, जिला अग्रणी प्रबंधक यूनियन बैंक गाजीपुर एक्सीडेंट विद्युत व एक्शन नाहर द्वारा किसानों को अपनी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समस्त तहसीलों से किसानों से समस्याएं ले गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसानों से अपील की गई कि वह अपने शिकायतों को लिखित में दे ताकि उसे पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्या का समाधान किया जा सके।

# बांग्लादेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के सहारे लखनऊ में चला रहा था क्लीनिक, बीकेटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता लखनऊ। कमिश्नरेट की बीकेटी पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारतीय नागरिक बनकर रह रहा था और क्षेत्र में क्लीनिकनुमा दुकान संचालित कर लोगों का उपचार भी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने कूटरचित



अभिलेखों के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और भारतीय पासपोर्ट तक हासिल कर लिया था।पुलिस के अनुसार, मामले का खुलासा 16 मई 2026 को उस समय हुआ जब थाना बीकेटी में तैनात उपनिरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने सूचना दी कि एक व्यक्ति, जिसकी पहचान अरूप बख्शी पुत्र खोकेन बख्शी के रूप में हुई, मूल रूप से बांग्लादेश का निवासी है और भारत में अवैध रूप से निवास कर रहा है। आरोप है कि उसने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर खुद को भारतीय नागरिक दर्शाया और सरकारी पहचान पत्र बनवा लिए।सूचना के आधार पर थाना बीकेटी में मुकदमा अपराध संख्या 183/2026 के तहत धारा 419, 420, 467, 468, 471 भारतीय दंड संहिता तथा विदेशियों विषयक अधिनियम 1946 की धारा 14(ग) में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित बीकेटी क्षेत्र में एक छोटी क्लीनिक अथवा दुकान संचालित कर लोगों को दवा और उपचार उपलब्ध करा रहा था। वह स्वयं को भारतीय नागरिक बताकर क्षेत्र में रह रहा था और कथित रूप से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पहचान से जुड़े दस्तावेज प्राप्त कर चुका था।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और साक्ष्यों के आधार पर 20 मई 2026 को तड़के करीब 2रू10 बजे किसान पथ स्थित विपश्यना ध्यान केंद्र फ्लाईओवर के नीचे से आरोपित को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपित ने भारत में अवैध रूप से रहने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पहचान पत्र बनवाने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक, उसने बीकेटी क्षेत्र में क्लीनिकनुमा दुकान चलाकर लोगों को दवा देने की बात भी स्वीकार की है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान अरूप बख्शी पुत्र खोकेन बख्शी, उम्र करीब 37 वर्ष, मूल निवासी देवभोग जिला नरैल, बांग्लादेश के रूप में हुई है। वर्तमान में वह मूसानगर अस्ति रोड, थाना बक्शी का तालाब क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, वह खुद को चिकित्सक बताता था।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपित के पास से एक आधार कार्ड, 300 रुपये नकद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई को थाना बीकेटी पुलिस टीम ने अंजाम दिया, जिसमें उपनिरीक्षक रामबालक सिंह, उपनिरीक्षक प्रतीक कुमार शर्मा, कांस्टेबल साजिन्द्र पालीवाल, देवराज सिंह, अंशु कुमार तथा चालक कांस्टेबल दिलीप कुमार शामिल रहे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोर रहे बंद

## - केमिस्टों ने विशाल मार्च निकाल प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा, दवाओं की वैध वितरण व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने तथा छोटे एवं मध्यम दवा व्यापारियों के अस्तित्व को बचाने के लिए बुधवार को जनपद के समस्त दवा विक्रेता और औषधि व्यवसायी एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए। केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री, फर्जी .त्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ई–पर्चियों, बिना चिकित्सकीय परामर्श के हो रही दवा आपूर्ति तथा ऑनलाइन कंपनियों की अत्यधिक छूट नीति के विरोध में एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा गया। इस दौरान जिले भर की दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स उत्तर प्रदेश के आह्वान पर किया गया। बंद के दौरान दवा व्यापारियों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए विशाल जन–जागरूकता रैली निकाली। सुबह से ही व्यापारी शास्त्री चौराहा, स्टेशन बजरिया पर एकत्र होने लगे थे। यहां से हाथों में तख्तियां लेकर कचहरी तक विशाल मार्च निकाला गया तथा जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना–प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त उपजिलाधिकारी दीक्षित से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 तथा नियमावली 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कई कॉर्पोरेट एवं ऑनलाइन मंच वर्षों से अनियंत्रित एवं अवैध रूप से दवाओं का कारोबार कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर देश के कानून का उल्लंघन है। दवा व्यापारियों ने सरकार के समक्ष कई गंभीर मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापित ई–पर्चियों तथा त्वरित आपूर्ति कंपनियों द्वारा दवाओं की अनियंत्रित घर–घर आपूर्ति से नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग का खतरा बढ़ गया है। साथ ही ऑनलाइन कंपनियों की शिकारी मूल्य निर्धारण एवं अंधाधुंध छूट नीति के कारण लाखों लाइसेंसधारी दवा विक्रेताओं एवं छोटे व्यापारियों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। व्यापारियों ने ऑनलाइन दवाओं को बढ़ावा देने वाले जीएसआर 817(ई) एवं जीएसआर 220(ई) संशोधनों को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी जैसी राष्ट्रीय आपदा



के समय जब सब कुछ बंद था, तब देश के दवा विक्रेताओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर चौबीसों घंटे जनता तक दवाएं पहुंचाईं, लेकिन आज वही व्यवस्था खुद को असुरक्षित एवं उपेक्षित महसूस कर रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा एवं जिला महासचिव मनु गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि यह आंदोलन किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि जनहित, रोगी सुरक्षा तथा देश की व्यवस्थित दवा वितरण प्रणाली को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। इस बंद को उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक एवं उनकी टीम का भी सक्रिय समर्थन मिला। आंदोलन को सफल बनाने में उमाकांत जैन, नवीन मेहरोत्रा, ऋषभ अग्रवाल, गौरव कांत जैन, विशाल जैन, शशांक जैन, मोहित सिंह, शैलेन्द्र यादव, पिंकी जैन, शशांक दुबे, राजीव शर्मा, प्रशांत पाल, दुष्यंत पुरवार, सतेन्द्र शर्मा, महेश वसन्तानी, आनंद गुप्ता, विमल कुशवाहा, अतुल जैन, राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में दवा व्यापारी एवं मेडिकल स्टोर संचालक मौजूद रहे।

## नाली विवाद में युवक चढ़ा मोबाइल टावर पर, दुबग्गा पुलिस की सूझबूझ से सकुशल उतारा गया; दोनों पक्षों में फिर हुआ समझौता

संवाददाता लखनऊ। के दुबग्गा थाना क्षेत्र में नाली के पानी की निकासी को लेकर पड़ोसियों के बीच चल रहे विवाद ने बुधवार सुबह अचानक तनावपूर्ण मोड़ ले लिया, जब एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुबग्गा पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को समझा–बुझाकर सकुशल नीचे उतार लिया। बाद में दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराकर पुनः समझौता भी करा दिया गया।पुलिस के अनुसार, 20 मई 2026 को सुबह करीब 7रू30 बजे यूपी–112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मुर्दापुर निवासी अलीम पुत्र अनीश अहमद, पड़ोस में रहने वाली साजिया पत्नी मोहम्मद मेराज से मकान के सामने नाली के पानी के निकास को लेकर हुए विवाद के चलते मोबाइल टावर पर चढ़ गया है। सूचना मिलते ही थाना दुबग्गा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और काफी देर तक समझाइश तथा बातचीत के बाद युवक को सुरक्षित रूप से मोबाइल टावर से नीचे उतार लिया गया। घटना के दौरान पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए किसी भी अप्रिय स्थिति को उत्पन्न नहीं होने दिया।पूछताछ में अलीम ने पुलिस को बताया कि नाली विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले ही समझौता हो चुका था, लेकिन उसे आशंका थी कि मामले में दोबारा आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की जा सकती है। इसी आशंका के चलते उसने मोबाइल टावर पर चढ़ने जैसा कदम उठाया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों को आमने–सामने बैठाकर वार्ता कराई, जिसके बाद आपसी सहमति से पुनः सुलह–समझौता करा दिया गया। पुलिस के अनुसार, वर्तमान में क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर, नवनियुक्त चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में बुधवार को विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा प्रदेश और देश से जुड़े जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को अधिक सक्रिय बनाते हुए जनसरोकारों से जोड़ने का संकल्प लिया।बैठक में प्रदेश प्रभारी रूबी खान तथा प्रदेश सह प्रभारी महमूद खान की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष (संगठन प्रभारी) शाहनवाज खान ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सर्वधर्म समभाव, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि गांव–गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को उठाया जाए तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाया जाए।प्रदेश प्रभारी रूबी खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी मजबूती के साथ जनता की आवाज उठाती रहेगी।प्रदेश सह प्रभारी महमूद खान ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अख्तर मलिक, मसूद अहमद, अनीस अख्तर मोदी, प्रदेश महासचिव तौहीद नजमी, ओकाश अंसारी, तौफीक कुरैशी, शमसुल उमरा, प्रदेश सचिव संदीप, शबिउल हसन, जिलाध्यक्ष जुबैर खान, मोहम्मद इबरार, तालिब अली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लेखपाल परीक्षा को लेकर जिले में ट्रैफिक डायवर्जन लागू

## - सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक चौधरी पम्प मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन रहेगा बंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में 21 मई को आयोजित होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राम गोपाल शर्मा के नेतृत्व में व्यापक यातायात व्यवस्था लागू की गई है। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह अपनी समस्त यातायात टीम के साथ परीक्षा के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील मार्गों पर मोर्चा संभालेंगे, ताकि अभ्यर्थियों एवं आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में लेखपाल मुख्य परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने एवं परीक्षा केंद्रों तक अभ्यर्थियों की समय से पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष रूट डायवर्जन योजना लागू की गई है। विज्ञप्ति के अनुसार 21 मई को प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक रोडवेज बस स्टैण्ड से संचालित होने वाली कोई भी रोडवेज बस चौधरी पम्प मार्ग की ओर नहीं जाएगी। इस अवधि में सभी रोडवेज बसों का संचालन पक्का बाग मार्ग से होकर किया जाएगा। प्रशासन




द्वारा आमजन एवं अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें तथा यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें, जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और पूरे शहर में सतर्क निगरानी रखी जाएगी।

# स्वच्छता के दावे तमाम, भाल गांव में सफाई व्यवस्था धड़ाम

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर विकास खण्ड क्षेत्र के भाल गांव में नियमित सफाई कार्य नहीं होने से गांव की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। पूरे गांव में जगह जगह गंदगी व्याप्त होने से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। भाल ग्राम पंचायत में करीब 3 हजार की आबादी में सफाई की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारी धर्मेंद्र व नरेश पर है। लेकिन सफाई कर्मियों के नियमित गांव में सफाई कार्य नहीं करने से गांव की नालियां कूड़े से पटी है। आलम तब है जब विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के तमाम दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीन स्तर पर दावे धड़ाम नजर आते हैं। बुधवार को गांव में कई जगह कूड़े के ढेर लगे मिले, जिनसे संक्रामक रोगों का खतरा बना है। इसके अलावा गांव की नालियां कूड़े के ढेर से पटी मिली। ग्रामीण भी आरोप भी लगा रहे हैं कि सफाई कर्मचारी ड्यूटी से नदारद रहते हैं। सफाई कर्मचारियों ने सहायकों को रखा हुआ है, वो भी पूरी तरह सफाई नहीं करते हैं, जिसकी ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ती है। मामले में राजपुर के एडीओ पंचायत कल्याण सिंह ने बताया कि रोस्टर लगवाकर सफाई कार्य कराया जायेगा।

# 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## - एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी के पैर में लगी गोली

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना वैदपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस एवं बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी और एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त सुभाष यादव को गिरतार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस तथा 02 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराधियों की गिरतारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल सिंह के नेतृत्व में थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 19/20 मई की रात थाना वैदपुरा पुलिस नगला बरी तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांजा तस्करी के मुकदमे में फरार चल रहा अभियुक्त ट्रक से उतरकर हवाई पट्टी मार्ग की ओर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी तेजी से भागने लगा। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी सुभाष यादव के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरतार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद किए। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। गिरतार अभियुक्त सुभाष यादव पुत्र तिलक सिंह निवासी नगला इमलिया थाना पिलुआ जनपद एटा का रहने वाला है। वह थाना वैदपुरा में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में 09 नवंबर 2024 से फरार चल रहा था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना वैदपुरा में मु0अ0सं0 41/2026 धारा 109(1) बीएनएस एवं 3, 25, 27 आयुध अधिनियम



के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैदपुरा नागेन्द्र चौधरी, कांस्टेबल रजत कुमार, कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल प्रमोद कुमार एवं कांस्टेबल जोनी कुमार शामिल रहे।

# ओ-लेवल व सीसीसी प्रशिक्षण हेतु आवेदन शुरू

## – पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को मिलेगा निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगारपरक कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत ओ–लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उन अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्होंने न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया हो तथा उनके माता–पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय सभी स्रोतों से एक लाख रुपये तक हो। प्रशिक्षण प्रदान करने की इच्छुक संस्थाएं 20 मई से 03 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी, जबकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी 16 जून से 10 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित दिशा–निर्देश, पात्रता, समय–सारिणी एवं आवेदन प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद प्रशिक्षणदायी संस्थाओं को आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित हार्डकॉपी आवश्यक अभिलेखों सहित 03 जून सायं 5 बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी। संस्थाओं का चयन निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा तथा अभ्यर्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय समिति द्वारा किया जाएगा।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

मु0नं0 –344 सन् 2025 ई०

सायरा बानों बनाम बबलू आदि

लक्ष्मी नारायन पुत्र स्व0 भिखारी निवासी ग्राम रावतपुर पोस्ट जोनिहा, परगना टप्पाजार तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

.........वादी

बनाम प्रवीण कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायन निवासी ग्राम रावतपुर पोस्ट जोनिहा, परगना टप्पाजार तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 30 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 19 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

मु0नं0–261 सन् 2020 ई०

सायरा बानों बनाम बबलू आदि

5/1. शेखू उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व0 मो0 मोईन

5/2. मु0 नाजिनी उम्र करीब 70 वर्ष पत्नी स्व0 मो0 मोईन निवासीगण म0नं0 82 पीरनपुर शहर व जिला फतेहपुर। हरगाह सायरा बानों ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 07 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 19 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अंश शुक्ला का जन्म दिनांक 03.07.2024 को घर पर हुआ था। माता का नाम संगीता देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। जय शंकर पुत्र विघा शंकर निवासी ग्राम मौहारी थोक शाह, ब्लाक बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।




# स्योहारा में रुके सांसद, एएसपी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



न्यूज वाणी ब्यूरो/स्योहारा, बिजनौर। नारायणपुर छंगा गांव में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने स्योहारा में रोक लिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद स्योहारा शुगर मिल गेस्ट हाउस में माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि सांसद चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवार से मुलाकात के लिए ठाकुरद्वारा जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं गांव नारायणपुर छंगा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और आने–जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में कुछ छुपा रही है, इसलिए उन्हें पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया जा रहा। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। फिलहाल मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी बनी हुई है। मामला स्योहारा शुगर मिल गेस्ट हाउस से जुड़ा बताया जा रहा है।

# नगर पालिका में ईओ ने जनगणना किट का किया वितरण

## - 452 प्रगणकों व 59 सुपरवाइजरों की हुई तैनाती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद कार्यालय में बुधवार को जनगणना 2027 को लेकर किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी रविंद्र कुमार ने जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मचारियों को आवश्यक किट वितरित की और उन्हें जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए। बताया गया कि शहर क्षेत्र में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कुल 452 प्रगणकों (एन्यूमरेटर) की नियुक्ति की गई है, जबकि उनके पर्यवेक्षण के लिए 59 सुपरवाइजरों को लगाया गया है। सभी कर्मचारियों को घर–घर जाकर निर्धारित प्रारूप के अनुसार सूचनाएं एकत्र करने का दायित्व सौंपा गया है। अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके आधार पर सरकार विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करती है। इसलिए जनगणना में जुटे कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा मांगी गई जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि आंकड़ों का सही संकलन हो सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से ही जनगणना का कार्य सुचारु और सफल ढंग से पूरा किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को जनगणना से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए तथा सर्वे कार्य के दौरान सावधानी और गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया गया। नगर पालिका परिषद परिसर में



आयोजित इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रों को सम्मानित करेगा दोसर वैश्य समाज

## - 31 मई को लोधीगंज स्थित कार्यालय में होगा मेधा अलंकरण समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दोसर वैश्य समाज के मेधावी छात्र–छात्रा अलंकरण समारोह का आयोजन 31 मई



रविवार को लोधीगंज स्थित कार्यालय में होगा। उक्त निर्णय भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की बैठक में लिया गया। कैंप कार्यालय पीलू तले चौराहा पर भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की बैठक जिलाध्यक्ष नारायण बाबू की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2025–26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के अलावा उच्च शिक्षा में जिन बच्चों ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सपफलता अर्जित की है। ऐसे मेधावी छात्र छात्राओं का अभिनंदन समारोह 31 मई को षाम पांच बजे से लोधीगंज स्थित महासमिति के कार्यालय सुशील फौजी के हाल में आयोजित किया गया है। प्रदेश महामंत्री नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने हाईस्कूल, इंटर तथा उच्च शिक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाकर सफलता अर्जित की है ऐसे मेधावी अपने अंक पत्रों की छाया प्रति संगठन के व्हाटसप ग्रुप में भेज दें या फिर निकटतम महासमिति के पदाधिकारियों के पास 25 मई तक अवश्य जमा कर दें जिसकी सूचना जिलाध्यक्ष को दूरभाष के जरिये दे दें। जिला संरक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि समाज के जो मेधावी अपनी प्रतिभा के बल पर मुकाम हासिल किया है संगठन उनका सम्मान करते हुये उत्साह बढाने में अपना योगदान देगा। बैठक का कुशल संचालन जिला महामंत्री अमित गुप्ता ने किया। इस मौके पर सुनील गुप्ता, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, सुशील गुप्ता फौजी, सौनक गुप्ता, आनंद गुप्ता, अरूण गुप्ता, हरिओम गुप्ता, रज्जन गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जन उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन विस्तार पर की चर्चा

## - महिला व युवा इकाई के गठन पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की आवश्यक बैठक बुधवार को राधानगर स्थित जिला संपर्क कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार के साथ जनपद सहित प्रदेश के विभिन्न कस्बों व नगरों में नई कमेटियों के गठन पर चर्चा की गई। साथ ही युवा एवं महिला इकाइयों को मजबूत बनाने के लिए रणनीति तय की गई। बैठक में महिला मण्डल के गठन को शीघ्र पूरा कराने की जिम्मेदारी संगठन की नेत्री ममता श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से सौंपी गई। वहीं युवा जिला एवं नगर इकाइयों के गठन की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह चौहान को दी गई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान ने कहा कि संगठन प्रदेश के 37 जनपदों में अपनी इकाइयों का गठन कर व्यापारी हित और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार पूरा कर लिया जाएगा। बैठक का संचालन कर रहे जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद ने कहा कि युवा और महिला इकाइयों के गठन के बाद विभिन्न ट्रेड इकाइयों का भी गठन कर व्यापारी



एकता को मजबूत किया जाएगा। इस दौरान मयंक गुप्ता, विकास साहू, विवेक विश्वकर्मा, अनिल अग्निहोत्री, महेंद्र सिंह, स्मिता कुमारी, अर्चना विश्वकर्मा, आराधना पांडेय, पूनम देवी, पूजा सविता, रजोली देवी, सीता सिंह, निर्मला लोधी व उषा लोधी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गर्मी में रेडक्रास बना सहारा, ठेला व सब्जी विक्रेताओं को बाटे छाते

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आसमान से



बरसती आग व लगातार बढ़ रही हीटवेव के बीच इंडियन रेडक्रास सोसाइटी ने जरूरतमंदों के लिए राहत का हाथ बढ़ाया। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को आत्मसात करते हुए बुधवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में कार्यकारी चेयरमैन एवं प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सड़क किनारे ठेला लगाकर एवं सब्जियां बेचकर परिवार का भरण–पोषण करने वाले लोगों को छाते वितरित किए। राधानगर से वर्मा चौराहे तक चले इस सेवा अभियान के दौरान तेज धूप में बैठे दर्जनों ठेला संचालकों, फल एवं सब्जी विक्रेताओं को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से छाते प्रदान किए गए। अचानक मिले इस सहयोग से जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी और उन्होंने रेडक्रास सोसाइटी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि भीषण गर्मी और हीटवेव का सबसे ज्यादा असर उन मेहनतकश लोगों पर पड़ता है जो पूरे दिन खुले आसमान के नीचे काम करने को मजबूर होते हैं। ऐसे में समाज के हर सक्षम व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। उन्होंने लोगों को अधिक पानी पीने, धूप में सिर ढककर निकलने और खाली पेट न रहने की सलाह देते हुए हीटवेव से बचाव के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी एवं रेडक्रास के आजीवन सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव एवं चैतन्य कुमार भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान राहगीरों और स्थानीय लोगों ने रेडक्रास सोसाइटी के इस सामाजिक सरोकार की जमकर सराहना की।

# जनगणना के फील्ड कार्य में हीट वेव से बचाव के निर्देश जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर समस्त चार्ज अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। यह फील्ड कार्य 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, राजस्व अनुभाग–11, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित हीटवेव एवं लू को देखते हुए फील्ड में कार्यरत कार्मिकों, प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुसार फील्ड कार्य का समय इस प्रकार निर्धारित किया जाएगा कि कार्य प्रातः 8 बजे से पूर्व तथा सायं 4 बजे के बाद कराया जा सके, जिससे अत्यधिक गर्मी एवं तेज धूप से बचाव हो सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी यथासंभव सुबह 8 बजे से प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को हीट वेव से बचाव के उपायों की जानकारी देने के साथ–साथ पर्याप्त पानी पीने, सिर ढककर कार्य करने तथा धूप में अनावश्यक रूप से अधिक समय तक न रुकने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के माध्यम से आवश्यकतानुसार ओआरएस, पेयजल एवं प्राथमिक उपचार सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। साथ ही जनपद स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के साथ–साथ फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था बनाए रखना है।

# जनसुनवाई में एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाली जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता के साथ सुनी गईं। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध समाधान कराने का प्रयास लगातार जारी है।

## प्रयागराज-दादर साप्ताहिक सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 04139/04140 प्रयागराज-दादर (साप्ताहिक) सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04139 | | | गाड़ी संख्या - 04140 | |
|---|---|---|---|---|
| प्रयागराज - दादर | | | दादर - प्रयागराज | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 17:10 | प्रयागराज | 05:00 | ..... |
| 18:38 | 18:40 | फतेहपुर | 02:58 | 03:00 |
| 20:15 | 20:20 | गोविन्दपुरी | 01:45 | 01:50 |
| 22:38 | 22:40 | इटावा | 22:48 | 22:50 |
| 00:25 | 00:30 | टूण्डला | 21:30 | 21:35 |
| 01:20 | 01:25 | ईदगाह | 19:10 | 19:15 |
| 02:00 | 02:02 | फतेहपुर सीकरी | 18:20 | 18:22 |
| 02:18 | 02:20 | रूपबास | 18:03 | 18:05 |
| 04:08 | 04:10 | बयाना | 17:30 | 17:32 |
| 05:00 | 05:05 | गंगापुर सिटी | 16:05 | 16:10 |
| 05:40 | 05:42 | सवाई माधोपुर | 15:00 | 15:02 |
| 06:50 | 07:00 | कोटा | 14:00 | 14:10 |
| 10:35 | 10:40 | रतलाम | 09:30 | 09:35 |
| 15:25 | 15:30 | वडोदरा | 06:07 | 06:12 |
| 17:49 | 17:54 | सूरत | 04:17 | 04:22 |
| 19:54 | 19:56 | वापी | 02:38 | 02:40 |
| 21:42 | 21:45 | बोरीवली | 00:40 | 00:43 |
| 22:40 | ..... | दादर | ..... | 00:15 |

● **प्रयागराज से** गाड़ी संख्या 04139, प्रत्येक शुक्रवार, **दिनांक** : 22.05.2026 से 10.07.2026, ● **दादर से** गाड़ी संख्या 04140, प्रत्येक रविवार, **दिनांक** : 24.05.2026 से 12.07.2026 ● **गाड़ी संरचना** : सामान्य श्रेणी : 08, स्लीपर श्रेणी : 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 01

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1143/26(AS)



# एक चौराहे का नाम वंदे मातरम रखने की उठी मांग

## – विश्व हिंदू महासंघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के एक प्रमुख चौराहे का नाम वंदे मातरम चौराहा घोषित किए जाने की मांग को लेकर विष्व हिंदू महासंघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। संगठन का कहना है कि वंदे मातरम केवल एक नारा नहीं, बल्कि देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायी भावना का प्रतीक है। विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में भेजे गए पत्र में बताया गया कि वंदे मातरम गीत ने आजादी की लड़ाई में लाखों देशवासियों के भीतर राष्ट्रभक्ति का संचार किया था। संगठन का मानना है कि जनपद के किसी प्रमुख चौराहे को यह नाम दिए



जाने से नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास और बलिदानियों की याद से जोड़ने का अवसर मिलेगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रस्तावित वंदे मातरम् चौराहा को तिरंगा ध्वज, यातायात संकेतक, भारत माता के चित्र एवं देशभक्ति से जुड़े प्रतीकों से सजाया जाएगा, जिससे यह स्थान राष्ट्रीय गौरव और प्रेरणा का केंद्र बन सके। संगठन ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर रागिनी सिंह, अजय गुप्ता, शिवम सोनी, अभिनव यादव, शालिनी गुप्ता, अभय कुमार भी मौजूद रहे।

# किसान चिंतन शिविर में हरिद्वार पहुंचने की बनाई रूपरेखा

## – भाकियू अराजनैतिक ने मासिक बैठक में उठाया बिजली रोस्टिंग का मुद्दा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक में हरिद्वार में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय किसान चिंतन शिविर में पहुंचने की जहां रूपरेखा बनाई गई वहीं बिजली रोस्टिंग का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक की अध्यक्षता



जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने की। उन्होने बताया कि आगामी नौ, दस व ग्यारह जून को तीन दिवसीय किसान चिंतन शिविर हरिद्वार पहुंचने की रूपरेखा तय की गई है। रात्रि में बिजली रोस्टिंग का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया और नहरों में अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंचाने की चर्चा की गई। संगठन की ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक की रूपरेखा तय की गई। बैठक में प्रीतम सिंह, छोटे सिंह, डा0 लल्लन, अंकित सिंह चौहान, महेन्द्र सिंह भदौरिया, दीपक गुप्ता, बब्लू सिंह, अजय प्रजापति, उमेश परमार, गुलाब सिंह यादव, सोनू सिंह, अजय सिंह, संजय तिवारी, रवि मौर्य, सोनू सिंह, अंगद सिंह, पुत्तन दुबे, आशू सिंह, रज्जन सिंह चौहान, रंजीत सिंह, बउवन शुक्ला, सोनू, शिवधेश मौर्य, बवंडर सिंह, रजत मिश्रा, रघुदेव सिंह, रमन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

## – निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को थाना जाफरगंज पहुंचकर जनसुनवाई की और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र



से पहुंचे फरियादियों ने अपनी विभिन्न शिकायतें और समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए, ताकि आमजन का पुलिस प्रशासन पर विष्वास और मजबूत हो सके। जनसुनवाई के दौरान थाना स्तर के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के बाद एसपी ने थाने का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात के साथ–साथ परिसर का भी जायजा लिया। उन्होने थाना प्रभारी को निर्देषित किया कि साफ–सफाई पर विषेश ध्यान दिया जाए। थाने पर आने वाले पीड़ितों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए। महिला उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का काम करें।


**आवश्यक सूचना**

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, यह रेलगाड़ी अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव, दिन, संरचना एवं मार्ग पर चलेगी, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**गाड़ी संख्याः 04103/04104 सूबेदारगंज-पनवेल (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

| गाड़ी संख्या | कहां से - कहां तक | दिन | वर्तमान तिथि | अतिरिक्त फेरे |
|---|---|---|---|---|
| 04103 | सूबेदारगंज - पनवेल | बुधवार | 27.05.2026 | 03.06.2026 से 24.06.2026 तक |
| 04104 | पनवेल - सूबेदारगंज | गुरूवार | 28.05.2026 | 04.06.2026 से 25.06.2026 तक |

**गाड़ी संख्याः 01053/01054 देवलाली-दानापुर मिश्रित (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन में संशोधन**

| गाड़ी संख्या | कहां से - कहां तक | दिन | अतिरिक्त फेरों की अवधि |
|---|---|---|---|
| 01053 | देवलाली - दानापुर | शनिवार | 23.05.2026 से 11.07.2026 |
| 01054 | दानापुर - देवलाली | सोमवार | 25.05.2026 से 13.07.2026 |

नोट– ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1144/26(DG)


# किसान दिवस में उठीं समस्याएं, फार्मर रजिस्ट्री कराने पर जोर

## - किसानों की समस्याओं का समयबद्ध किया जाए निस्तारण : सीडीओ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को सुनने के साथ–साथ .षि, उद्यान, सिंचाई एवं विद्युत विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ इसी माध्यम से मिलेगा। बैठक का संचालन उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने पिछली बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देते हुए खरीफ सत्र के लिए बीज उपलब्धता एवं बुकिंग की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया। साथ ही किसानों से अन्य .षकों को भी फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। उद्यान विभाग की ओर से किसानों को मुख्यमंत्री फल उद्यान योजना, एकी.त बागवानी मिशन, आरकेवीवाई एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्यम




औपचारिकीकरण योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से किसान अनुदान प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। जिला .षि अधिकारी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि खरीफ सीजन के लिए जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और समितिवार वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से जरूरत के अनुसार ही उर्वरक खरीदने तथा भंडारण न करने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र के .षि वैज्ञानिक डॉ. जगदीश किशोर ने खरीफ फसलों की उन्नत खेती, नवीन तकनीकों और कीट नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी। बैठक में बिजली आपूर्ति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने किसानों को बताया कि जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर प्रीपेड से पोस्टपेड में बदले गए हैं और बकाया बिल के कारण आपूर्ति बाधित है, वे कॉमन सर्विस सेंटर या जनसेवा केंद्र के माध्यम से दस प्रतिशत राशि जमा कर विद्युत आपूर्ति बहाल करा सकते हैं। साथ ही भीषण गर्मी के दौरान भारी विद्युत उपकरणों का सीमित उपयोग करने की अपील की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान दिवस में मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के फोन हर हाल में रिसीव किए जाएं और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों में असंतोष की भावना उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, भारतीय किसान यूनियन एवं किसान संघ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में उतरे केमिस्ट

## - मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के दवा व्यापारियों ने अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और फर्जी ई–प्रिस्क्रिप्शन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए बुधवार को प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन के बैनर तले जुटे व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा नियमों को ताक पर रखकर की जा रही दवा बिक्री से न सिर्फ मरीजों की सेहत खतरे में पड़ रही है, बल्कि लाखों छोटे दवा कारोबारियों का अस्तित्व भी संकट में आ गया है। राधानगर स्थित संगठन कार्यालय से बड़ी संख्या में दवा व्यापारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ऑनलाइन दवा कंपनियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बिना वैध डॉक्टर परामर्श और सत्यापित ई–प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की होम डिलीवरी खुलेआम की जा रही है, जो सीधे तौर पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और नियम 1945 की भावना के विपरीत है। संगठन पदाधिकारियों ने कहा



कि वर्ष 2018 में जारी अधिसूचना जीएसआर 817(ई) और कोविड महामारी के दौरान आपातकालीन व्यवस्था के तहत लागू जीएसआर 220(ई) का अब गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। महामारी समाप्त होने के बाद भी ई–फार्मेसी और क्विक कॉमर्स कंपनियां मनमाने ढंग से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट और प्रिडेटरी प्राइसिंग अपनाकर छोटे मेडिकल स्टोर संचालकों को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम कर रही हैं। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में छोटे दवा विक्रेताओं के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। सरकार से की गई कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, बिना वैध एवं सत्यापित ई–प्रिस्क्रिप्शन के दवा डिलीवरी प्रतिबंधित की जाए, जीएसआर 817(ई) एवं जीएसआर 220(ई) अधिसूचनाओं को निरस्त किया जाए, ऑनलाइन कंपनियों की अत्यधिक छूट और मनमानी मूल्य नीति पर नियंत्रण लगाया जाए। व्यापारियों ने यह भी कहा कि कोविड महामारी के कठिन दौर में जब लोग घरों से निकलने से डर रहे थे, तब दवा विक्रेताओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों तक जीवनरक्षक दवाएं पहुंचाईं। ऐसे में सरकार को स्थानीय दवा कारोबारियों और आम मरीजों के हितों की रक्षा के लिए जल्द ठोस निर्णय लेना चाहिए। इस मौके पर संगठन के चेयरमैन किशन मेहरोत्रा, अध्यक्ष सुमित रस्तोगी, महामंत्री राजेश सोनी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला, राजीव गुप्ता, अनिल साहू, अजीत कुमार, गगन अग्रवाल, राजा गुप्ता, यतीश रायजादा, सैय्यद मोनू, ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, राहुल, मनीष श्रीवास्तव, वीरेन्द्र गुप्ता, हरीश रायजादा, प्रदीप रायजादा, आरिफ अहमद, करण रस्तोगी, राम प्रताप, रवि सोनी, योगेंद्र, प्रभाकर समेत बड़ी संख्या में दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने बढ़ाई मुश्किलें

## - शहर से गांव तक हाहाकार, हर आधे घंटे में ट्रिपिंग से रातों की नींद हराम

## - ग्रामीण इलाकों में हतों से बिजली गुल, पानी का संकट भी गहराया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आसमान से बरस रही आग और झुलसा देने वाली भीषण गर्मी के बीच विद्युत विभाग की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। लगातार बढ़ते तापमान ने जहां जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है, वहीं अघोषित विद्युत कटौती ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। शहर से लेकर गांव तक लोग दिन–रात बिजली संकट से बेहाल हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जिले में इन दिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी के बीच बिजली की आंख–मिचौली ने लोगों का चौन और सुकून छीन लिया है। रात के समय हर आधे घंटे में हो रही कटौती से लोगों की नींद हराम हो चुकी है, वहीं दिन में कई–कई घंटे बिजली गुल रहने से घरों से लेकर बाजारों तक जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गर्मी से बेहाल बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। बिजली न रहने से कूलर और पंखे शोपीस बने हुए हैं, जबकि पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई मोहल्लों में 24 घंटे में महज 8 से 10 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। उसमें भी बार–बार ट्रिपिंग और कटौती ने लोगों का धैर्य जवाब देना शुरू कर दिया है। भीषण उमस और




गर्मी के कारण लोग बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी दयनीय बनी हुई है। जिले के तमाम गांव ऐसे हैं जहां हतों से लोगों को बिजली के दर्शन तक नहीं हुए हैं। अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर ग्रामीणों के सामने पानी, खेती और दैनिक कार्यों का संकट खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जनता का आक्रोश सड़कों पर फूट सकता है।

# पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हेयर कटिंग सैलून चलाने वाले बृजेश पुत्र रामविशाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए मारपीट व लूट करने वाले आरोपियो पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। एसपी को दिए शिकायती पत्र में बृजेश ने बताया कि वह तहसील चौराहा के निकट हेयर कटिंग सैलून चलाता है। दस अप्रैल को घर जाते समय उसके साथ आर्यन ठाकुर, करन शर्मा, राज शर्मा निवासी तहसील चौराहा ने उसके साथ गाली गलौच व मारपीट कर सोने की चैन एवं दस हज़ार रुपये लूटने का आरोप लगाया। बताया कि उसने घटना की सूचना कोतवाली में दी जिस पर आरोपियों पर एससी एसटी एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन आरोपियो की गिरतारी नहीं गयी। जिससे आरोपियो के हौसले बुलंद है आरोपियों द्वारा दुकान पर आकर गाली गलौच कर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने दोषियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग किया।

# भीषण गर्मी का कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## – लू से बचाव के लिए सिर को ढककर निकलने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज लू ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान से लोग बेहाल हैं। सुबह से ही आसमान से बरस रही तपिश और उमस के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, जबकि दोपहर होते–होते हालात और भी विकट हो जाते हैं। गर्मी का असर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी पर साफ दिखाई दे रहा है। तेज धूप और लू से राहत पाने के लिए बच्चे नहरों और तालाबों में उतरकर पानी में घंटों समय बिता रहे हैं, हालांकि यह राहत अस्थायी है, लेकिन तपती गर्मी से बचने का यही सहारा बन गया है। वहीं बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। दोपहर के समय बाजारों में ग्राहकों की संख्या काफी कम हो गई है, जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा है कि गर्मी और लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, हल्के कपड़े पहनें और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें। खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के इस दौर में सावधानी बरतें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

# अनियंत्रित बाइकें टकराई, चालक घायल

## – 108 एंबुलेंस ने कराया अस्पताल में भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा मोड़ पर तेज रतार बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गया। जिससे बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर गांव निवासी सुरेश का 30 वर्षीय पुत्र महेंद्र बाइक पर सवार होकर घर से रिश्तेदार के घर जा रहा था। जब उसकी साइकिल हुसैनगंज कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव की मोड पर पहुंची तभी तेज रतार बाइक अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। जिससे बाइक सवार महेंद्र रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। फोन कर घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स के ईएमटी शिवशरण व पायलट गुलाब ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर बताते हुए 108 सरकारी एंबुलेंस से कानपुर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों द्वारा युवक को भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

# धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट करने पर दो गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली कस्बे में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट साझा करना दो युवकों को भारी पड़



गया। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और महज कुछ घंटों के भीतर दोनों आरोपियों को गिरतार कर लिया। पुलिस ने विवादित पोस्ट वायरल करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी कब्जे में ले लिए हैं। मामले को लेकर पुलिस प्रशासन ने साफ कहा है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक सामग्री साझा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार थाना ललौली में एक व्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि 18 मई को मोबाइल फोन चलाने के दौरान उसने देखा कि कस्बा ललौली निवासी जैनुल आबदीन ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर बकरीद की कुर्बानी से संबंधित एक विवादित पोस्ट साझा की थी। शिकायतकर्ता ने उक्त पोस्ट को धार्मिक भावनाएं आहत करने वाला बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर थाना ललौली में मु0अ0सं0 137/2026 धारा 299 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजी.त किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरतारी अभियान के तहत थाना ललौली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्तों में मो. गुफरान खान पुत्र बदरुद्दीन एवं जैनुल आबदीन पुत्र स्व. लियाकत हुसैन निवासीगण कस्बा ललौली थाना ललौली शामिल हैं। दोनों आरोपियों को गिरतार कर सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार विवादित पोस्ट से संबंधित दो मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना ललौली पर एक प्रकरण संज्ञान में आया था, जिसमें बकरीद से संबंधित एक पोस्टर में विवादित कंटेंट पोस्ट किया गया था। इससे एक समुदाय विशेष की भावनाएं आहत हुई थीं। इस संबंध में तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त कर दोनों आरोपियों को गिरतार कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने आमजन से सोशल मीडिया पर संयम और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने की अपील की है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )